प्रेस विज्ञप्ति

- प्रसिद्ध विषय विशेषज्ञों द्वारा इंटरेक्टिव सत्र एवं लर्निंग वर्कशॉप्स का आयोजन
- विख्यात भारतीय कलाकारों द्वारा संगीत, नृत्य एवं नाटकों की प्रस्तुतियां

रामगढ़ शेखावाटी में 6 दिसम्बर से शुरू होगा 'वेदारण्य हेरिटेज आर्ट्स एवं हीलिंग फेस्टिवल'

जयपुर, 28 नवम्बर। राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग और श्रुति फाउंडेशन द्वारा 'ऑल लेडीज लीग' के सहयोग से 6 दिसम्बर 9 दिसम्बर तक चार दिवसीय 'वेदारण्य हेरिटेज आर्ट्स एंड हीलिंग फेस्टिवल' (वीएचएएच) का आयोजन सीकर जिले में रामगढ़ शेखावाटी में किया जा रहा है। हेरिटेज के पुनरुत्थान के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से फेस्टिवल के दौरान कुछ शानदार कार्यक्रम एवं अनेक गतिविधियां आयोजित की जाएगी। आज जयपुर में होटल खासा कोठी में आयोजित प्रेस वार्ता में श्रुति फाउंडेशन की संस्थापक, श्रुति पोद्दार ने यह जानकारी दी।

उन्होंने आगे बताया वीएचएएच फेस्टिवल हमारे जीवंत विरासत के पुनरुत्थान का एक प्रयास है। इसका प्रमुख उद्देश्य रामगढ़ शेखावाटी क्षेत्र के स्थानीय कलाकारों का रचनात्मक, सामाजिक और आर्थिक विकास करना है।

इस अवसर पर पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक (मार्केटिंग), श्री आनंद के. त्रिपाठी ने कहा कि इस क्षेत्र में यह फेस्टिवल पहली बार आयोजित किया जा रहा है। इस क्षेत्र को बढ़ावा देने का यह एक गंभीर प्रयास है और पर्यटन विभाग द्वारा इसे सहयोग दिया जा रहा है।

फेस्टिवल के प्रथम दिन (6 दिसम्बर को) प्रातः उद्घाटन समारोह से 'वीएचएएच फेस्टिवल' का शुभारम्भ होगा। शाम को प्रसिद्ध डांसर/कोरियोग्राफर गीता चंद्रन द्वारा 'सत्यम शिवम सुंदरम' की वैदिक एकल प्रस्तुति दी जाएगी। इसके बाद हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायकों पंडित राजन–साजन मिश्रा द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

फेस्टिवल के दूसरे दिन (7 दिसम्बर) को विभिन्न विषयों पर इंटरेक्टिव सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत श्रुति नाड़ा पोद्दार द्वारा "द हीलिंग पॉवर ऑफ मंत्रा" और महान गणितज्ञ, प्रो. सी. के. राजू द्वारा 'जीनियस ऑफ इंडियन साइंटिफिक हेरिटेज' विषय पर इंटरेक्टिव सत्र लिया जाएगा। इसके पश्चात् सांसद श्री दिनेश त्रिवेदी द्वारा 'जैम्स फ्रॉम ऑर स्पिरिच्युअल हेरिटेज' विषय पर मास्टर क्लास ली जाएगी। इसी प्रकार से श्री आदित्य अहलूवालिया 'मेडिटेशन फॉर कंसन्ट्रेशन' और गुरु शोवना नारायण 'रामगढ़ के दीवारों की कहानियां' सत्र में सम्बोधित करेंगे। शोवना नारायण का सत्र रामगढ़ शेखावाटी की दीवारों पर भित्ति चित्रों के रूप में चित्रित कहानियों पर आधारित होगा। शाम को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में पंडित छनुलाल मिश्रा द्वारा शास्त्रीय लोक संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके पश्चात् लोक नृतक कालबेलिया, के साथ–साथ मांगणियार और लंगा अपनी प्रस्तुति देंगे।

रामगढ़ शेखावाटी की हेरिटेज वॉक के साथ तीसरे दिन (8 दिसम्बर) की शुरूआत होगी। इसके बाद गुरु शोवना नारायण द्वारा 'रामगढ़ की छतरियों की कहानियां' विषय पर मास्टर क्लास ली जाएगी। इसमें वे

रामगढ़ शेखावाटी की छतरियों पर की गई प्राचीन चित्रकला के बारे में जानकारी देंगी। हैल्थी बिल्डिंग इनोवेटर एवं पायनिअर, श्री अजय पोद्दार द्वारा 'हाउ टू मेक ऑवर लाइव्ज हैल्दी एंड डू इट योरसेल्फ फॉर पर्सनल प्रोटेक्शन' विषय पर तथा प्रख्यात कलाकार श्री तानसेन श्रीवास्तव द्वारा 'तबला मास्टर क्लास' विषय पर सत्र लिया जाएगा। सुप्रसिद्ध संगीतज्ञ शुभा मुद्गल द्वारा शास्त्रीय एवं अर्ध–शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके पश्चात् पद्म विभूषण, डॉ. सोनल मानसिंह द्वारा 'नाट्य कथा : कृष्णा' की प्रस्तुति दी जाएगी।

फेस्टिवल के अंतिम दिन (9 दिसम्बर को) समापन सत्र आयोजित किया जाएगा और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर वैदिक मंत्रों की प्रस्तुति भी होगी।

विभिन्न इंटरेक्टिव सत्रों, मास्टर क्लासेस एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के अतिरिक्त फेस्टिवल में रामचंद्रजी पोद्दार जोहड़ पर 'वीएचएएच फेस्टिवल मेला' भी आयोजित किया जाएगा। इसके लिए पंजीकरण निःशुल्क है। आम जन से 'वेदारण्य फेस्टिवल मेले' के लिये प्रवेश शुल्क नहीं लिया जाएगा। फेस्टिवल में पर्यटकों एवं आगंतुकों के लिए हेरिटेज कुजिन्स, हेरिटेज कलाकृतियों, ब्लू पॉटरी, शेखावाटी फर्नीचर, पारंपरिक वस्त्रों एवं पारम्परिक औषधीय दवाओं की स्टॉलें लगाई जाएंगी। इतना ही नहीं, इसमें हेरिटेज रेस्टोरेशन, आयुर्वेदिक दवा बनाने, मेहंदी लगाने, खाट बुनने, पारम्परिक खेलों, पॉटरी एवं टेक्सटाइल कार्यशाला जैसी गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी।

===

Photo Caption:

DSC_0018: (from R-L) Joint Director (Marketing), DOT. Mr. Anand K. Tripathi; Founder of Shruti Foundation, Ms. Shruti Poddar; Deputy Director, DOT, Mr. Ajay Sharma releasing the brochure of the 'Vedaaranya Heritage Arts and Healing Festival' today in Jaipur.

===

अधिक जानकारी के लिए विजिट करें : http://www.vedaranya.com/home अथवा vedaaranya@gmail.com पर मेल करें। फोनः +91 8010979129

Media Coordination:

Kamal Kant
M: 09571836810

Tusharika Singh
M: 09929752258